बाजार समीक्षा

## खाद्य तेल आपूर्ति में आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर

# तिलहनों की बुआई में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी

इंदौर। मौसम की अनुकूलता से खरीफ सत्र में तिलहन बुआई गत वर्ष के 163.57 लाख से 14.41 फीसद बढ़कर 187.14 लाख हेक्टेयर पहुंच है। इस वृद्धि के आंकड़े के साथ यह अब तक रिकॉर्ड को तोड़ चुकी है। इसकी वजह मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में तिलहनों की हुई जोरदार बुआई को माना जा रहा है।

बहरहाल, तिलहन रकबा खुशखबरी भरा है। कृषि मंत्रालय के मुताबिक गत सप्ताह तक तिलहन बुआई 187.14 लाख हेक्टेयर हो चुकी थी, जो सामान्य रकबा 178.08 लाख से 9.06 लाख हेक्टेयर ज्यादा है। इतना ही नही, यह पिछले साल की इसी अवधि से 23.56 लाख हेक्टेयर अधिक है। भारत खाद्य तेलों की आपूर्ति के लिए काफी हद तक आयात निर्भर है। सरकार का जोर तिलहन उत्पादन बढ़ाकर आत्मनिर्भरता हासिल करना है। जिसकी छलक



इस वर्ष दिख रही है। लिहाजा, चालू सीजन में तिलहन की रिकॉर्ड बुआई हुई है। पिछले वर्षों में इसी अवधि के दौरान 2019 में 163.57 लाख, 2018 में 164.86 लाख, 2017 में 157.53 लाख, 2016 में 174.87 लाख व 2015 में 167.74 लाख हेक्टेयर तिलहन बुआई हुई थी। आंकड़ों से जाहिर होता है कि इस बार देश में तिलहन बुआई पिछले वर्षों की अपेक्षा ज्यादा है, जिससे बेहतर उत्पादन की संभावना को देखते हुए तेल आयात में कमी संभव है। खरीफ फसल अक्टूबर-नवंबर तक पककर तैयार हो जाती है।

### सोयाबीन, मूंगफली सहित सभी तिलहन की बुआई बढ़ी

चालू सीजन में तिलहन की सभी फसलों का रकबा पिछले साल की अपेक्षा अधिक है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, गत सप्ताह तक सोयाबीन की बुआई 111.46 लाख से बढ़कर 118.99 लाख हेक्टेयर, मूंगफली का रकबा 35.01 लाखसे बढ़कर 49.37 लाख हेक्टेयर, तिल का रकबा 11.82 लाख से बढ़कर 12.80 लाख हेक्टेयर, राम तिल रकबा 0.87 लाख हेक्टेयर पहुंच गया। इसके अलावा अरंडी बीज का रकबा पिछले साल के 3.83 से बढ़कर 4.18 लाख हेक्टेयर हो गया है।मध्य प्रदेश में 64.87 लाख हेक्टेयर में तिलहन बुआई हो चुकी है, जो पिछले साल समान अवधि में 60.25 लाख हेक्टेयर थी। महाराष्ट्र में पिछले साल के 40.72 लाख से बढ़कर 44.26 लाख हेक्टेयर पहुंच गई है। गुजरात में तिलहन रकबा 19.26 लाख से बढ़कर 26.18 लाख हेक्टेयर हो गया। राजस्थान में रकबा 21.34 लाख हेक्टेयर पहुंच गया, जो पिछले साल 19.50 लाख हेक्टेयर था। आंध्र प्रदेश में तिलहन फसलों का रकबा 3.51 लाख, कर्नाटक में 2.49 लाख, तमिलनाडु में 0.81 लाख हैक्टेयर पहुंच गया है। यदि आगामी समय मानसून की चाल अनुकूल रही, तो इस वर्ष तिलहन की बंपर पैदावार के आसार हैं।

## सैमसंग इंडिया ने लॉन्च की एक्सपीरियंस सैमसंग ऐट होम

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन ब्रांड सैमसंग ने एक नई सेवा एक्सपीरियंस सैमसंग ऐट होम घर बैठे लें सैमसंग का अनुभव शुरू की है, जो उपभोक्ताओं को स्मार्टफोन, टैबलेट और वीयरेबल्स जैसे गैलेक्सी उत्पादों को घर के सुरक्षित वातावरण में रहते हुए ही जांचने-परखने और खरीदने में मदद करेगी। नई सेवा उपभोक्ताओं को न सिर्फ अपने पसंदीदा गैलेक्सी डिवाइस का होम डेमो ऑनलाइन बुक करने में मदद करेगी, बल्कि ऑनलाइन ही इन उत्पादों की खरीद में भी सहूलियत देगी। ये उत्पाद पास के सैमसंग एक्सक्लूसिव आउटलेट से उपभोक्ताओं के घर पर पहुंचा दिया जाएगा। सैमसंग एक्सपीरियंस सैमसंग ऐट होम की यह सेवा अपने 900 एक्सक्लूसिव रिटेल आउटलेट से लॉन्च कर रही है और आने वाले महीनों में इसका और विस्तार किया जाएगा। सैमसंग इंडिया ने सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा, हमने उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

## सोना-चांदी के ऊंचे दामों पर खरीदी समर्थन कमजोर

**इंदौर।** सोना-चांदी के रिकॉर्ड स्तरीय ऊंचे दामों पर नई खरीदी के प्रति हिचकिचाहट देखी जा रही है। इसके चलते सराफा बाजार में खरीदी का समर्थन कमजोर बना हुआ है। बुधवार को विश्व बाजार में रनिंग सौदों के तहत सोना ऊंचे में 1998, नीचे में 1979.70 डॉलर व चांदी ऊंचे में 2809, नीचे में 2711 सेंट प्रति औंस के दायर में देखी गई। इंदौर सराफा में मंगलवार के बंद भाव की तुलना में सोना नगदी में 65 रु बढ़कर 53025 रु प्रति 10 ग्राम था, वहीं चांदी नगदी में 775 रु गिरकर 61025 रु थी। कारोबार के दौरान में सोना नीचे में 52825 व चांदी नीचे में 60500 रु थी। इंदौर में आरटीजीएस सोना 54615 रु व चांदी 62855 रु थी। **रतलाम सराफा**- सोना 52800 रु प्रति 10 ग्राम एवं चांदी 60900 रुपए टैक्स अलग के भाव बताई गई।

## प्राइम डे पर अमेजन ने तकनीकी उपकरणों की मदद ली

**नई दिल्ली।** वैश्विक महामारी के शुरुआती दिनों से ही अमेजन इंडिया अपने एसोसिएट्स, ग्राहकों और पार्टनरों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए अमेजन ने स्थानीय अधिकारियों और डब्लूएचओ के मार्गदर्शन के अनुसार, अपने फुलफिलमेंट सेंटर, सॉर्टेशन सेंटर और डिलिवरी स्टेशनों में प्रोसेस संबंधी लगभग 100 परिवर्तन किये हैं। यहां कंपनी द्वारा किये गये कई तकनीकी प्रयासों में से चार के बारे में बताया गया है। इन प्रयासों के कारण कंपनी अपने एसोसिएट्स की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए भारत में प्राइम डे के दौरान बिना किसी रुकावट के ग्राहकों से किये गये वादों को बड़े पैमाने पर पूरा करने में सक्षम रही। अमेजन इंडिया ने सोशल डिस्टेंसिंग इम्प्लिमेंटेशन टूल के तहत सीसीटीवी आधारित सॉल्यूशन प्रोक्सेमिक्स से सोशल डिस्टैंसिंग को सक्षम बनाया। नॉन कॉन्टैक्ट इन्फ्रारेड थर्मल जांच, ग्राहकों से मिले फीडबैक संदेशों का एकीकरण, इन ऐप सेफ्टी कम्यूनिकेशन के लिए तकनीकी उपकरणों का सफलतापूर्वक प्रयोग किया।

# मांग के समर्थन से मूंग मजबूत

इंदौर। बुधवार को अमावस्या पर छावनी मंडी में परंपरागत अवकाश था। मंडी प्रांगण बाहर निजी सौदों में दालमिलों की मांग के समर्थन से मूंग की कीमतों में 100-125 रु की मजबूती दर्ज हुई। दालों के दाम स्थिर थे।

मंडी प्रांगण बाहर खड़ी मोटरों के सौदों में चनाकांटा 4500-4550, डॉलर चना 4800 -6300 निर्यात में 42-44 काउंट 6900, 44-46 काउंट 6700, 58-60 काउंट 6250 पर मामूली नरम था। मसूर 5450-5475, मूंग बेस्ट 6200-6500, सुपर 6600-6700, एवरेज 5500-6000, उड़द बेस्ट 5800-6200, एवरेज 4000-5500, तुवर लोकल 5500-5700, कर्नाटक 6100, महाराष्ट्र 5900 था। चनादाल 5450-5950, तुवरदाल 7650-8650, मसूरदाल 6800-7200 मूंगदाल 7300-7800, मोगर 8500-9200, उडद दाल 7600-8200, मोगर 8700-9200 रु।

# वैश्विक दाम बढ़ने से सोया तेल उछला

**इंदौर।** बुधवार को मलेशिया पाम तेल वायदा बढ़कर 720 डॉलर प्रति टन था। केएलसीई 28 रिंगिट ऊंची बंद हुई। शिकागो सोया तेल वायदा रनिंग में 25 सेंट ऊंचा चल रहा था। गत रात्रि को 37 सेंट ऊंचा बंद हुआ था। घरेलू बाजार में खाद्य तेल प्रति 10 किलो सोया रिफाइंड 860-862, साल्वेंट 810-815 मुंबई रिफाइंड 870, मूंगफली तेल 1230-1250, मुंबई 1230, गुजरात 1200, राजकोट तेलिया टीन 1910, मुंबई पाम तेल 840, इंदौर 875, कपास्या तेल इंदौर, महाराष्ट्र 830, गुजरात 835 रु था। सोया तेल प्लांट सौदों में धानुका 853, बजरंग 858, अवि 862, अमृत 855, प्रकाश 865, रुचि सोया 862, विप्पी 860, एमएस पचोर 860, अंबिका 862, लिविंग फूड्स 865, अंबुजा 865, खंडवा 864, इटारसी 868 रु था। प्लांट सौदों में सोयाबीन प्रकाश 3900, महाकाली 3800, प्रेस्टिज 3800, रुचि सोया 3840, कृति 3750, लिविंग फूड्स 3840, विप्पी 3725, इटारसी 3825, अवि 3800, खंडवा 3800, धानुका 3840 रु थे। कपास्या खली के दाम बढ़कर प्रति 60 किलो सौदों में इंदौर 1425, देवास-उज्जैन 1425-1430, खंडवा 1400 रु व अकोला 2000 रु क्विंटल थी।

## थोक किराना बाजार में कामकाज सुस्त

**इंदौर।** बुधवार को अमावस्या की वजह से थोक किराना बाजार में कारोबार बेहद सुस्त दिखाई दिया। अधिकांश जिंसों के दाम आंशिक परिवर्तन को छोड़ कमोबेश स्थिर थे। भाव-शकर 3450-3500, गुड़ भेली 4100, कटोरा 4300, लड्डू 4500, साबुन बट्टा 4400, खोपरा गोला 122-135, कालीमिर्च 338 -402, जीरा पंजा 158, खुशबू 160, हल्दी निजामाबाद 95-110, सांगली हल्दी 134-135, खोपरा बूरा प्रति 15 किलो 2550-3500, अजवाइन चालू 140-155, मध्यम 170-190, बेस्ट 220-240, नारियल प्रति बोरी 2000-2950, पोस्ता बेस्ट 1100-1180, मध्यम 950-1000 रु किलो था।

## पर्पल में नए ग्राहकों का रजिस्ट्रेशन तीन गुना बढ़ा

**मुंबई।** भारत में ब्यूटी प्रोडक्ट्स के सबसे बड़े ईकॉमर्स प्लेटफॉर्म पर्पल ने अगस्त 2020 की शुरुआत में कंपनी द्वारा आयोजित भारत के सबसे बड़े ऑनलाइन ब्यूटी सेल के दौरान नए ग्राहकों के रजिस्ट्रेशन में तीन गुना बढ़ोतरी दर्ज की। गौरतलब है कि 4 से 8 अगस्त 2020 के दौरान पर्पल के ऑनलाइन ब्यूटी सेल फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जिसमें 15000 से अधिक ब्यूटी प्रोडक्ट्स पर तीन गुना ज्यादा की छूट दी गई थी। इस सेल के दौरान, पर्पल ने गुड वाइब्स, आल्प्स गुडनेस, एनवाई बे, स्टे क्वर्की जैसे अपने एक्सक्लूसिव ब्यूटी ब्रांड्स के साथ मेबेलिन एनवाई, लॉरिअल पेरिस और द फेस शॉप के अलावा कई जानेमाने ग्लोबल ब्रांड्स के ब्यूटी प्रोडक्ट्स ग्राहकों को उपलब्ध कराए। पर्पल के कोफाउंडर एवं सीईओ, मनीष तनेजा ने कहा, हमने महीने दर महीने के आधार पर ऑर्डर के औसत मूल्य में 10 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ कारोबार की मात्रा में 300 फीसदी तक की वृद्धि देखी है।

## सैमसंग का 5499 रुपए में गैलेक्सी एम01 कोर पेश

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन ब्रांड सैमसंग ने देश में अपने स्मार्टफोन की लोकप्रिय गैलेक्सी एम श्रृंखला में इजाफा करते हुए गैलेक्सी एम01 कोर पेश करने का ऐलान किया। गैलेक्सी एम01 कोर भारत में सैमसंग का सबसे किफायती स्मार्टफोन है और इसे एंट्री लेवल के स्मार्टफोन यूजर्स और उन लोगों की जरूरतें अच्छी तरह समझकर बनाया गया है, जिन्होंने अभी तक स्मार्टफोन नहीं लिया है। यह गैलेक्सी एम01 और गैलेक्सी एम01एस के बाद इस साल गैलेक्सी सीरीज में तथा 10000 रुपए से कम कीमत में सैगसंग का तीसरा फोन है। सैमसंग इंडिया में मोबाइल कारोबार के निदेशक आदित्य बब्बर ने कहा गैलेक्सी एम01 कोर में अपनी तस्वीरों से आपको सम्मोहित कर लेने वाला 5.3 इंच का एचडी डिस्प्ले है, 3000 एमएएच की बैटरी है, जिससे लगातार 11 घंटे तक काम कर सकते हैं

## डिज्नी प्लस हॉटस्टार वीआईपी पर खुदा हाफिज

**मुंबई।** रोमांटिक एक्शन थ्रिलर मूवी खुदा हाफिज 14 अगस्त को डिज्नी प्लस हॉटस्टार मल्टीप्लेक्स पर रिलीज हुई। इस फिल्म को देश में नेटिजंस एवं जमवाल लॉयंस की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली। पहला दिन पहला शो या फिर मूवी की ओपनिंग नाईट विद्युत जमवाल की अब तक की सबसे बड़ी मूवी ओपनिंग बनी। एक्शन सीक्वेंस एवं मार्शल आर्ट्स के लिए मशहूर इस अभिनेता ने खुदा हाफिज में अपना नरम पक्ष दिखाया है। दर्शकों को उनकी यह शक्तिशाली परफॉर्मेंस बहुत पसंद आई। शानदार नैरेटिव एवं बेहतरीन परफॉर्मेंस के साथ दर्शकों ने सोशल मीडिया चैनल्स पर कास्ट एवं इस फिल्म के निर्माताओं के लिए बहुत प्यार बरसाया। खुदा हाफिज में विद्युत जमवाल का रोमांटिक रूप डिज्नी प्लस हॉटस्टार वीआईपी पर देख सकते हैं।

## सरकार द्वारा गन्ना मूल्य 10 रु क्विंटल बढ़ोतरी की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को गन्ने का उचित एवं लाभकारी (एफआरपी) मूल्य को 10 रु बढ़ा कर 285 रु क्विंटल करने को मंजूरी दी है। अक्टूबर 2020 से शुरू होने वाले सीजन 2020-21 के लिए यह मूल्य तय किया गया है।


**उत्तर रेलवे**

शुद्धिपत्र

दिनांक 16/17.08.2020 को रेलवे गुड्स शेड्स के **विकास हेतु आमंत्रित अभिरूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण अधिसूचना** के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि गजरौला और गढ़ मुक्तेश्वर गुड्स शेड का नाम **त्रुटिपूर्वक** गजरौला गढ़ मुक्तेश्वर एक साथ प्रकाशित हो गया है। **इसे दो अलग-अलग गुड्स शेड जैसे गजरौला गुड्स शेड (GJL) और गढ़ मुक्तेश्वर (GMS) गुड्स शेड पढ़ा जाए।**

1806/2020

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल - 462003

फोन : +91-755-4027100, 2774340, 42, वेबसाइट : www.mpstdc.com

क्रमांक 127/यांत्रिकी/पविनि/20 दिनांक : 19.08.2020

**अल्प अवधि निविदा सूचना 60 एवं सिस्टम नं. 2020_STDC_102555_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा निविदा प्रपत्र APPENDIX2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम : ओंकारेश्वर जिला खण्डवा के विभिन्न स्थानों पर प्रसाद काउंटर प्रदाय एवं लगाने का कार्य। कार्य की अनुमानित लागत राशि रुपये 18.72 लाख। कार्यपूर्णता का समय 01 माह।**

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 31.08.2020 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/98216/2020 **कार्यपालन यंत्री**

**कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

समग्र एवं संतुलित विकास की दिशा में...

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक - 26/20 दिनांक 13.08.20

निम्नांकित कार्य के लिये म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत विद्युत ठेकेदारों से ऑनलाईन/Online निविदा आमंत्रित की जाती है।

| कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि | अर्नेस्ट मनी | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|
| Internal & External Electrification Work of Visitor Facility Centre-2 at Shree Mahakaleshwar Temple Ujjain | 1,13,00,290/- | 1,13,002/- | 14750/- | 18 माह |

यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं कार्य संबंधी अन्य समस्त जानकारी https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखी जा सकती है।

निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार का संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जावेगा।

*(निर्मल प्रवाहमान शिप्रा)* कार्यपालन यंत्री, उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी बैंक देना बैंक (वर्तमान बैंक ऑफ बडौदा) की शाखा जब जवाहर मार्ग पर स्थित थी, तब हमारी बैंक द्वारा श्री भरत पिता लोकेन्द्र नायर नि.एल-83 एल.आई.जी कॉलोनी, इंदौर जिनका खाता क्रमांक 018051001122 है, को गृह ऋण प्रदान किया गया था, जो कि मकान क्रमांक आई ./498 ई.डब्ल्यू.एस. खजरानी, इंदौर स्थित मकान पर दिया गया था। उक्त मकान से संबंधित समस्त असल व अन्य दस्तावेज बैंक के द्वारा एक फोल्डर में रखे गये थे, जिनमें कि उक्त मकान की असल मूल विक्रयपत्र (रजिस्ट्री) जिसका क्रमांक 1-अ/2686 (ग) ग्रंथ नं. 4476 पेज 1-8 दिनांक 05.11.2004 भी रखी हुई थी, हमारी शाखा दिनांक 31/12/2019 तक उक्त पुरानी आई.डी.ए. बिल्डिंग जवाहर मार्ग, इंदौर पर स्थित थी तब भी हमारे द्वारा उक्त असल दस्तावेज व अन्य दस्तावेंजो के फोल्डर को काफी ढूंढा गया किन्तु उक्त फोल्डर हमे कहीं मिला नही तथा हमारी शाखा का विलय बैंक ऑफ बडौदा, सियागंज शाखा, छोटी ग्वालटोली, इंदौर में होने के बाद जब बैंक से सारे दस्तावेज नई शाखा में स्थानांतरित किये गये तब भी उक्त दस्तावेंजो के फोल्डर को ढूंढा गया किन्तु हमे उक्त फोल्डर नही मिल पाया जिसकी लिखित पुलिस शिकायत थाना सेन्ट्रल कोतवाली, इंदौर में दिनांक 06/07/2020 को कर दी है। अतः उक्त असल पंजीकृत विक्रयपत्र किसी व्यक्ति, संस्था आदि को प्राप्त हुआ हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन से 15 दिवस में मुझसे सम्पर्क कर सूचित करें।

**शाखा प्रबंधक**
**बैंक ऑफ बडौदा (ई - देना), सियागंज इंदौर**

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला खरगोन (म.प्र.)**

कार्यालय दूरभाष क्रमांक -07282-233498, ईमेल- dpmukhar-mp@mp.nic.in

क्रमांक/एनएचएम/2020/9672 खरगोन, दि. 13.08.2020

**ई निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2020-21 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन खरगोन अंतर्गत खरगोन जिले की जिला एवं विकासखंड स्तरीय कार्यालयीन/स्वास्थ्य संस्थाओं में दैनिक एवं मासिक आधार पर वाहन अनुबंध हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें विभागीय वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर एवं इस कार्यालय के सूचना पटल पर देखे जा सकते हैं। निविदा प्रक्रिया निम्नानुसार है-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रण (आर.एफ.पी.) की उपलब्धता | 17.08.2020 से 26.08.2020 तक ऑनलाईन शुल्क राशि रुपए 500/- प्रति निविदा जमा कर विभाग की वेबसाइट https://mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र क्रय डाऊनलोड किये जा सकते हैं। |
| 2. | निविदा पूर्व (प्री-प्रपोजल कान्फ्रेस हेतु दिनांक समय एवं स्थान | दिनांक 22.08.2020 दोपहर 3.00 बजे स्थान कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला खरगोन |
| 3. | निविदा आमंत्रण (आर.एफ.पी.) कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 29.08.2020 सायं 5.30 बजे (अवकाश दिवस छोड़कर) तक निविदा स्वीकार की जाएगी। इसके पश्चात प्राप्त होने वाली निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। |
| 4. | निविदा आमंत्रण (आर.एफ..पी.) खोलने की अंतिम तिथि समय एवं स्थान | दिनांक 31.08.2020 सायं 4.00 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी खरगोन |
| 5. | वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक | वित्तीय निविदा खोले जाने की सूचना पृथक से सूचना पत्र/मोबाइल के माध्यम से तकनीकी निविदा में सफल होने वाले निविदाकारों को प्रदान की जाएगी। |

जी-13129/20 साबुन से हाथ धोना है, कोरोना को भगाना है।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला खरगोन**

**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
Office of the Executive Engineer
Multistoreyed Bldgs Costruction Division,
Administrative Building, 1st Floor, R.C. Marg, Chembur, Mumbai-400 071.

N. MBCD/TC/760/2020 Date: 13/04/2020
Email : msbckurla.ee@mahapwd.com Phone 022-2522077 Fax 022-252240600

**E-Tender Notice No. 9 (IIIrd Call) of 2020-2021**

Online E-Tenders in "B-1" Form for the foloowing One Work are invited by Executive Engineer, Multistoreyed Bldgs Construction Division, Chembur, Mumbai-400 071, from the registered contractor in appropriate class of Public works department, Govt. of Maharashtra. Details regarding E-Tenders can be seen on http://mahatenders.gov.in

E-Tender can be downloaded from Date 20/08/2020 at 10.30 hrs to 26/08/2020 at 17.30 hrs. from above mentioned site. Duty filled E-Tender will be opened on Date 28/08/2020 at 14.00 hrs (if possible) at office of the Superintending Engineer, Mumbai Construction Circle, Chembur, Mumbai-71.

| S.No. | Name of Work | Amount |
|---|---|---|
| 1. | Construction of Box Culvert for passing 900mm dia. 7 M.I.D.C. water supply pipeline below Sion Panvel Highway at Uran Phata Junction Ch. 125/800 | 1,06,21,765/- |

All detail information is available on following website.
Visit Web Site for details :
1. https://mahapwd.com
2. http://mahatenders.gov.in

D.G.I.P.R. 2020/2021/542

**Executive Engineer**
**Multistoreyed Bldgs Construction Division**
**Chembur, Mumbai-400 071.**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्डवा**

क्रमांक 1784 / निविदा / लोस्वायांवि / 2020 खण्डवा दिनांक 14.08.2020

:: निविदा सूचना क्रमांक -12/2020-21 ::

प्रथम आमंत्रण

खण्डवा जिलें मे जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामो मे स्थापित नलजल योजनाओं के पुर्ननवीनीकरण कार्य हेतु पाईप लाईन जोड़ना, बिछाना परिक्षण कार्य आरसीसी उच्चस्तरीय टंकी सम्पवेल निर्माण कार्य, मोटरपंप स्थापना घरेलु नल कनेक्शन प्रदाय एवं विद्युत कार्य मय 03 माह परिक्षण अवधि के किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदाएँ आंमत्रित की जाती है विस्तृत निविदा का विवरण ऑनलाईन www.mptenders.gov.in/nicegp/app पर देखी जा सकती है। ऑनलाईन निविदा प्रपत्र का क्रय वेबसाईट www.mptenders.gov.in/nicegp/app पर किया जा सकता है। ऑनलाईन निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि दिनांक 31.08.2020 सांयकाल 5.30 तक

| सिस्टम क्र. | ग्राम का नाम | विकासखंड | अनुमानित लागत रू.(लाख मे) | धरोहर राशि रूपये | निविदा का प्रपत्र का मूल्य रू. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2020_PHED_1018991 | सेमरूद रैयत<br>मिनावा माल | बलड़ी | 57.22 | 57220/- | 10000/- | 06 माह निर्माण कार्य एवं 90 दिवस परीक्षण अवधि |
| 2020_PHED_101899_2 | भागपुरा<br>झिंझरी | खालवा | 79.92 | 79920/- | 10000/- | 06 माह निर्माण कार्य एवं 90 दिवस परीक्षण अवधि |
| 2020_PHED_101899_3 | चबुतरा<br>धावडी | खालवा | 70.77 | 70770/- | 10000/- | 06 माह निर्माण कार्य एवं 90 दिवस परीक्षण अवधि |
| 2020_PHED_101899_4 | दावनिया<br>दिदाम्दा | खालवा | 57.25 | 57250/- | 10000/- | 06 माह निर्माण कार्य एवं 90 दिवस परीक्षण अवधि |
| 2020_PHED_101899_5 | धामा<br>धिमारिया | खालवा | 64.28 | 64280/- | 10000/- | 06 माह निर्माण कार्य एवं 90 दिवस परीक्षण अवधि |
| 2020_PHED_101899_6 | नीमखेड़ा<br>प्रतापपुरा | खालवा<br>हरसूद | 79.03 | 79030/- | 10000/- | 06 माह निर्माण कार्य एवं 90 दिवस परीक्षण अवधि |
| 2020_PHED_101899_7 | करोली<br>गहलगांव | हरसूद | 76.91 | 76910/- | 10000/- | 06 माह निर्माण कार्य एवं 90 दिवस परीक्षण अवधि |
| 2020_PHED_101899_8 | बैलवाडी<br>तोरनिया | हरसूद | 87.21 | 87210/- | 10000/- | 06 माह निर्माण कार्य एवं 90 दिवस परीक्षण अवधि |
| 2020_PHED_101899_9 | बोथियाखुर्द<br>बोथियाकला<br>बहेडी<br>चिचरैयत | हरसूद | 96.04 | 96040/- | 10000/- | 06 माह निर्माण कार्य एवं 90 दिवस परीक्षण अवधि |

ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि :- 31.08.2020

ऑनलाईन निविदा लिफाफा खोलने की तिथि :- 01.09.2020

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान किये जाकर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईट पर देखें।

जी-13122/20 साबुन से हाथ धोना है, कोरोना को भगाना है,

**कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड खण्डवा**

**प्रताप स्नैक्स लिमिटेड**

सीआईएन: L15311MP2009PLC021746

पंजीकृत कार्यालय: खसरा नं. 378/2, नेमावर रोड, मकरंद हाउस के पास, पालदा इन्दौर-452020, मध्य प्रदेश, भारत

दूरभाष: (0731) 243 9999

ई-मेल: complianceofficer@yellowdiamond.in वेबसाइट: www.yellowdiamond.in

**कंपनी की 11वीं वार्षिक सामान्य बैठक की जानकारी हेतु सूचना**

एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कंपनी की 11वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) विडियों कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से शुक्रवार, 18 सितंबर 2020 को दोपहर 3.30 बजे आयोजित की जाएगी, कंपनी अधिनियम 2013 के लागू प्रावधानों और उसके साथ बनाएं गए नियमों, भारतीय प्रतिभूति व विनियम बोर्ड (सेबी) सूची निर्धारण और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015, के अनुपालन में और पढ़े जाए सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020, सामान्य परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020 और सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 5 मई 2020 और दिनांक 12 मई 2020 को सेबी द्वारा जारी किया गया परिपत्र SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 (सामूहिक रूप से 'प्रासंगिक परिपत्र' के रूप में संदर्भित), एजीएम बुलाने की नोटिस में दिए गए कार्य को पूरा करने के लिए। सभी सदस्य वीसी या ओएवीएम के माध्यम से बैठक मे भाग ले सकते है।

संबंधित परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 जिसमें 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तिय वर्ष के लिए स्टैंड अलोन व समेकित वित्तिय विवरण, बोर्ड की रिपोर्ट, ऑडिटर की रिपोर्ट व अन्य दस्तावेज शामिल है जो कि कंपनी के शेयर धारकों को उनके ईमेल में भेजे जाएंगे जिनके ई-मेल कंपनी / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ पंजीकृत हैं। एजीएम की नोटिस व वार्षिक रिपोर्ट 2019-20 कंपनी की वेबसाइट www.yellowdiamond.in पर व स्टॉक एक्सचेंज यानि बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com व नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर उपलब्ध होगी साथ ही सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) की वेबसाइट www.cdslindia.com. पर भी उपलब्ध होगी।

**रिमोट ई-वोटिंग व ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट डालने का तरीका:**

रिमोट ई-वोटिंग द्वारा वोटिंग का तरीका डीमटेरियलाइज्ड मोड, फिज़ीकल मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों व उन सदस्यों का जिनका ई-मेल आईडी पंजीकृत नही है उन्हे एजीएम की नोटीस द्वारा प्रदान किया गया है।

ई वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने की सुविधा एजीएम में भी कराई जाएगी। एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है वे ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट कर सकेंगे। एजीएम के नोटिस मे ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट करने का तरीका प्रदान किया गया है।

रिमोट ई-वोटिंग अथवा ई-वोटिंग सिस्टम की लॉगिन की जानकारी के लिए:

फिज़िकल मोड मे शेयर रखने वाले सदस्य- अपना फोलियो नंबर, शेयर होल्डर का नाम, शेयर प्रमाण पत्र की स्कैन की गई कॉपी (आगे व पीछे), पैन (स्वप्रमाणित स्कैन कॉपी), आधार कार्ड (स्वप्रमाणित स्कैन कॉपी) के आवश्यक विवरण einward.ris@kfintech.com पर ईमेल करे।

डीमटेरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले सदस्य- कृपया अपना खाता विवरण (सीडीएसएल-16 अंक लाभार्थी आईडी या एन एस डी एल - 16 अंक डीपी आईडी+सीएलआईडी) नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (स्वप्रमाणित स्कैन की गई), आधार कार्ड (स्वप्रमाणित स्कैन कॉपी) einward.ris@kfintech.com पर ईमेल करे।

**ई-मेल एड्रेस को पंजीकृत करने का तरीका:**

फिज़ीकल मोड मे शेयर रखने वाले सदस्य जिनके ईमेल एड्रेस पंजीकृत / अपडेट नहीं हैं, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे अपना नाम फोलियो नंबर, ईमेल आईडी, पैन (स्वप्रमाणित स्कैन की गई), केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट को einward.ris@kfintech.com पर भेजकर पंजीकृत /अपडेट करें।

डीमटेरियलाइज्ड मोड मे शेयर रखने वाले सदस्य जिनके ईमेल एड्रेस पंजीकृत व अपडेट नहीं हैं उनसे अनुरोध है कि वे अपना ई-मेल आईडी अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास अपडेट/रजिस्टर करे जिसके पास वे अपना डिमेट अकाउंट बनाए रखते है।

ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के लिए लॉगिन की जानकारी ईमेल के माध्यम से सदस्यों को भेजा जाएगा। जिन सदस्यों को ईमेल प्राप्त नहीं होता है या जिनके इमेल पते कंपनी के साथ पंजीकृत नहीं है वे केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट को einward.ris@kfintech.com पर लिख सकते है।

**लाभांश प्राप्त करने के लिए जनादेश दर्ज करने का तरीका:**

फिजिकल मोड में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन की हुई कॉपी जमा करें जिसमे शेयरधारक का नाम, फोलियो नंबर, बैंक विवरण (बैंक खाता संख्या, बैंक व शाखा का नाम, पता सहित IFSC, MICR विवरण) स्वयं द्वारा सत्यापित पैन कार्ड की प्रतिलिपी व कैंसल्ड चेक ईमेल द्वारा einward.ris@kfintech.com पर भेजे।

डीमटेरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले शेयरधारक अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट जिनके साथ वे अपना खाता बनाए रखते है, उनके पास अनिवार्य विवरण प्रस्तुत करें।

**सदस्यों से अनुरोध है कि एजीएम कि नोटिस में विशेष रूप से वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के लिए, रिमोट ई-वोटिंग व ई-वोटिंग के लिए सभी बिन्दु सावधानी पूर्वक पढ़ें।**

यदि आपको एजीएम में भाग लेने या ई वोटिंग प्रणाली के बारे में कोई प्रश्न या समस्या है तो आप अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (FAQs) और ई-वोटिंग मैनुअल को www.evotingindia.com पर देख सकते है या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल लिख सकते है या श्री नितिन कुंदर (022- 23058738) या श्री महबूब लखानी (022-23058543) राकेश दलवी (022-23058542) से संपर्क कर सकते है।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से वोट की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतों को श्री राकेश दलवी, प्रबंधक (सी डी एस एल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25 वी मंजिल, मैराथन फ्यूचूरेक्स, मफतलाल मिल कंपाउंडस, एन एम जोशी मार्ग, लोवर परेल (पूर्व) मुम्बई-400013 से संपर्क सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल कर सकते है या 022-23058542/43 पर कॉल कर सकते है।

**कृते प्रताप स्नैक्स लिमिटेड**
(हस्ताक्षर)
**ओम प्रकाश पाण्डे**
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

स्थान: इन्दौर
दिनांक: 19, अगस्त 2020